राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से मुख्यमंत्री मिले

जयपुर, 12 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को सांय यहां राजभवन में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की। राज्यपाल से मुख्यमंत्री की यह शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री श्री गहलोत की राज्यपाल श्री मिश्र से यह मुलाकात लगभग 40 मिनिट की रही। राज्यपाल और मुख्यमंत्री की इस मुलाकात के दौरान उच्च शिक्षा विशेषकर राज्य विश्वविद्यालयों के बारे में चर्चा हुई। हाडौती के जल भराव वाले क्षेत्रों में जल्दी से जल्दी राहत केन्द्र सरकार से मिले, इसके लिये गिरदावरी रिपोर्ट पर चर्चा हुई। राजस्थान लोक सेवा आयोग में रिक्त सदस्यों के 4 पदों पर जल्दी ही नियुक्ति किये जाने बाबत भी मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच वार्ता हुई।

राज्यपाल ने श्रीमती मैरी कॉम को दी बधाई

जयपुर, 12 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रूस में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के 51 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतने पर राज्य सभा सांसद श्रीमती एम. सी. मैरी कॉम को बधाई दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि ”मैरी कॉम जी आपको बधाई, हमें आप पर गर्व है।“

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान